एक नजर में

प्रवेश प्रक्रिया पोर्टल पर प्रदर्शित

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों के गैर अनुदान मान्यता प्राप्त अशासकीय विद्यालयों में नि:शुल्क प्रवेश की प्रथम चरण की प्रक्रिया 25 अप्रैल तक पूर्ण हो चुकी है। प्रथम चरण प्रवेश प्रक्रिया के उपरांत जिन विद्यालयों में सीट रिक्त रह गयी हैं, उन विद्यालयों को रिक्त सीटों सहित द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया हेतु पोर्टल पर प्रदर्शित किया गया है।

द्वितीय चरण प्रवेश प्रक्रिया हेतु समय सारणी इस प्रकार है। प्रथम चरण में जिनके द्वारा आवेदन लॉक किया है एवं सत्यापन हेतु शेष रहे हैं उनके द्वारा निकट के चुने हुये जनशिक्षा केन्द्र में जाकर सत्यापन कराना 9 मई तक, आवेदकों द्वारा रिक्त सीटों वाले विद्यालयों की चॉइस अपडेट करना 11 से 16 मई तक, द्वितीय चरण हेतु ऑनलाईन लॉटरी 20 मई, आवंटन उपरांत संबंधित विद्यालय में प्रवेश एवं संबंधित विद्यालय द्वारा आरटीआई मोबाइल एप से 20 मई से 10 जून तक निर्धारित की गई है। प्रथम चरण प्रवेश प्रक्रिया के उपरांत जिन विद्यालयों में सीट रिक्त रह गयी हैं, उन विद्यालयों को रिक्त सीटों सहित द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया हेतु पोर्टल पर प्रदर्शित किया गया है।

लापरवाही करने पर चार समिति प्रबंधक निलंबित

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने दिया कार्यवाही को अंजाम

जांच रिपोर्ट में किसानों से अवैध वसूली आई सामने

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

जिले में समर्थन मूल्य पर जारी गेहूं खरीदी कार्य को लेकर प्रशासन पूरी तरह सख्त नजर आ रहा है। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने सभी खरीदी केंद्रों पर पारदर्शिता एवं सुचारु व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश देते हुए स्पष्ट कहा है कि गेहूं खरीदी कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता या किसानों को परेशान करने की शिकायत मिलने पर संबंधित कर्मचारियों एवं अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिसके चलते कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने शुक्रवार को गेहूं उपार्जन केंद्रों पर गड़बड़ी की शिकायतों के बाद चार समिति प्रबंधकों को निलंबित कर दिया है। जांच रिपोर्ट में किसानों से अवैध वसूली और निर्धारित मात्रा से अधिक गेहूं लेने की पुष्टि होने पर यह कदम उठाया गया है।

जानकारी के अनुसार कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने शुक्रवार को गेहूं उपार्जन केंद्रों पर गड़बड़ी की शिकायतों के बाद चार समिति प्रबंधकों को निलंबित कर दिया है। जांच रिपोर्ट में किसानों से अवैध वसूली और निर्धारित मात्रा से अधिक गेहूं लेने की पुष्टि होने पर यह कदम उठाया गया है। किसानों से प्राप्त शिकायतों के आधार पर कलेक्टर ने केंद्रों के निरीक्षण के लिए चार अलग-अलग जांच टीमें बनाई थीं। इन टीमों द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में उपार्जन नीति के उल्लंघन और व्यवस्थाओं में गंभीर खामियां उजागर हुईं। निलंबन की कार्रवाई बड़ागांव धसान के सहायक प्रबंधक ऋषभ कुमार जैन, दरगुंवा के पुष्पेंद्र कुमार जैन, बुडेरा की स्मिता अहिरवार और डिकौली के सहायक प्रबंधक आशाराम लोधी पर की गई है। प्रशासन ने इन केंद्रों पर सुचारू कार्य के लिए वैकल्पिक प्रभार भी सौंप दिए हैं।जांच में पाया गया कि केंद्रों पर किसानों से प्रति बोरी 10 रुपए तुलाई शुल्क वसूला जा रहा था। इसके साथ ही प्रत्येक बोरी में निर्धारित वजन से 8 से 10 किलोग्राम अधिक गेहूं लिया जा रहा था, जो कि नियमों के विरुद्ध है।निरीक्षण के दौरान कई बोरियों में किसान टैग गायब मिले और कुछ केंद्रों पर गैर-मानक नान एफएक्यू गेहूं का भंडारण पाया गया। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि उपार्जन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या किसानों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने यह भी कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप किसानों को समय पर सुविधा उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। इसलिए सभी केंद्र प्रभारी पूरी जिम्मेदारी और गंभीरता के साथ कार्य करें। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को नियमित निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन की इस सख्ती के बाद खरीदी केंद्रों पर व्यवस्थाएं सुधारने की कवायद तेज हो गई है। किसानों ने भी प्रशासन के इस निर्णय का स्वागत करते हुए पारदर्शी खरीदी व्यवस्था की मांग की है।

शुक्रवार को कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय द्वारा लापरवाही करने के मामले में जिन शासकीय लोगों पर कार्यवाही को अंजाम दिया गया है। उसके बाद से ही लापरवाह कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है। कलेक्टर ने कहा है कि गेंहू खरीदी में लापरवाही करने बालो पर इसी तरह की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

जांच रिपोर्ट में पुष्टि होने पर उठाया कदम

जांच रिपोर्ट में किसानों से अवैध वसूली और निर्धारित मात्रा से अधिक गेहूं लेने की पुष्टि होने पर यह कदम उठाया गया है। किसानों से प्राप्त शिकायतों के आधार पर कलेक्टर ने केंद्रों के निरीक्षण के लिए चार अलग-अलग जांच टीमें बनाई थीं। इन टीमों द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में उपार्जन नीति के उल्लंघन और व्यवस्थाओं में गंभीर खामियां उजागर हुईं। निलंबन की कार्रवाई बड़ागांव धसान के सहायक प्रबंधक ऋषभ कुमार जैन, दरगुंवा के पुष्पेंद्र कुमार जैन, बुडेरा की स्मिता अहिरवार और डिकौली के सहायक प्रबंधक आशाराम लोधी पर की गई है।

भुगतान समय पर करने के दिए निर्देश

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि खरीदी केंद्रों पर किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। तौल, परिवहन, बारदाना, भुगतान एवं भंडारण की व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि खरीदी केंद्रों पर किसानों को इंतजार की स्थिति न बने और निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार ही उपार्जन कार्य संपन्न कराया जाए।प्रशासन द्वारा सभी खरीदी केंद्रों की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। निरीक्षण के दौरान यदि कहीं अव्यवस्था, गेहूं की गुणवत्ता जांच में लापरवाही, रिकॉर्ड संधारण में गड़बड़ी अथवा किसानों से अनुचित व्यवहार सामने आया तो संबंधित कर्मचारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

बादल छाए रहने से मौसम में ठंडक

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

जिले की दो तहसीलों में पिछले 24 घंटे के दौरान बूंदाबांदी दर्ज की गई है। आज सुबह से आसमान में बादल छाए हुए हैं और हवा भी चल रही है। मौसम विभाग के अनुसार, दिनभर 8 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी, जिससे हवा में 41 प्रतिशत नमी बनी रहेगी। अधिकतम तापमान 37 डिग्री के आसपास रहने का अनुमान है। गुरुवार रात को भी तेज हवा के साथ बारिश हुई थी, जिससे मौसम में ठंडक महसूस की जा रही है।

पिछले 24 घंटे में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट आई है। बुधवार को अधिकतम तापमान 36 डिग्री था, जो गुरुवार को घटकर 35 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। इसी तरह, बुधवार रात का न्यूनतम तापमान 23 डिग्री था, जो गुरुवार रात को 22.5 डिग्री दर्ज किया गया।मौसम विभाग का कहना है कि अगले एक-दो दिन में मौसम में तेजी से बदलाव देखने को मिलेगा। दिन और रात के तापमान में एक बार फिर वृद्धि होने की संभावना है। इस महीने की शुरुआत से ही मौसम में बार-बार बदलाव हो रहा है, जिसके चलते पिछले एक हफ्ते से अधिकतम तापमान 40 डिग्री से कम बना हुआ है।

गौरतलब है कि अप्रैल के अंतिम सप्ताह में अधिकतम तापमान 44.5 डिग्री तक पहुंच गया था। मई महीने में आंधी-तूफान और बारिश ने लोगों को तेज धूप और गर्मी से राहत प्रदान की है। आज सुबह बड़ी संख्या में बच्चे पुलिस परेड ग्राउंड पर मौसम का आनंद लेते हुए देखे गए। शुक्रवार को दिन भर आसमान में बादल छाए रहे।

सड़क दुर्घटना में महिला की मौत, पति गंभीर घायल

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

जिले के बड़ागांव-ककरवाहा मार्ग पर बीते रोज देर शाम को एक सड़क हादसा हो गया। इस दुर्घटना में बाइक सवार एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया।

मृतक महिला की पहचान गुड़ा भदौरा निवासी फूलबाई कुशवाहा पत्नी बिहारी कुशवाहा के रूप में हुई है। उनके पति बिहारी कुशवाहा को गंभीर चोटें आई हैं। दंपती रिश्तेदारी में शादी का निमंत्रण देकर अपनी बाइक से घर लौट रहे थे। जानकारी के अनुसार, वीरनगर तिराहा के पास सड़क पर फैली गिट्टी पत्थर पर बाइक चढ़ने से वह अनियंत्रित होकर फिसल गई। इसके परिणामस्वरूप दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। बड़ागांव धसान थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मर्ग कायम किया। घायल पति बिहारी कुशवाहा को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

जिले के बड़ागांव-ककरवाहा मार्ग पर गुरुवार शाम करीब 4 बजे एक सड़क हादसा हो गया। इस दुर्घटना में बाइक सवार एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस इस मामले में जांच कर रही है।

चार आदतन अपराधी जिला बदर

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

प्रशासन ने चार आदतन अपराधियों को 15-15 दिवस की अवधि के लिए जिला बदर घोषित किया गया है।

संजू उर्फ संदीप उर्फ संजीव चौबे पिता घनश्याम चौबे निवासी पठा हाल महेन्द्र कूप कॉलोनी संतोष यादव पिता बाबूलाल यादव निवासी ग्राम बड़ोराघाट पुष्पेन्द्र लोधी पिता गोरेलाल लोधी उम्र 32 साल निवासी ग्राम सूरजपुर तथा मुन्नु उर्फ धर्मेन्द्र यादव पिता शंकर सिंह यादव उम्र 38 साल निवासी ग्राम मुहारा जिला को 15-15 दिवस की अवधि के लिये जिला बदर की कार्यवाही हुई है।

खरगापुर के मंदिर परिसर में लगाई गई जल चौपाल

नवभारत न्यूज, खरगापुर।

मप्र जन अभियान परिषद द्वारा नगर परिषद खरगापुर के वार्ड नंबर 13 स्थित तालाब के श्री राधाकृष्ण मंदिर परिसर में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल चौपाल का आयोजन किया गया। इस अवसर मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य छत्रपाल सिंह बुंदेला, मप्र जन अभियान परिषद संभाग समन्वयक दिनेश कुमार उमरैया, जिला समन्वयक डॉ सुनील कटियार ने तालाब घाट पर साफसफाई कर जल स्त्रोत पूजन एवं वृक्ष पूजन किया।

इस अवसर पर संभाग समन्वयक दिनेश कुमार उमरैया ने कहा कि सरकार की मनसा अनुरुप जल गंगा संवर्धन अभियान का जिला टीकमगढ़ में प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जन सहयोग के माध्यम से जलीय संरचनाओं की साफ-सफाई और जीर्णोद्वार कार्य करने के लिए स्थानीय लोगों को आगे आ कर कार्य करने की आवश्यकता है।

इन जल संरचनाओं में वर्षा जल संचय किया जा सकता है, जिससे भू जल स्तर बढ़ेगा। इन्हीं लोगों को संचित वर्षा जल का उपयोग करना है।

शानौ शौकत से मनाया जाएगा उर्स

नवभारत न्यूज,टीकमगढ़।

हजरत सैयद पैड़ा वाले बाबा मामा भांजे की दरगाह पर सालाना उर्स मुबारिक शनिवार को शानौ शौकत से मनाया जायेगा।

उर्स कमेटी के सदर इसरार पहलवान ने बताया कि हिन्दु मुस्लिम एकता की मिशाल यह उर्स मुबारक बाबा की दरगाह पर हर साल मनाया जाता है प्रोग्राम पीरो मुरसिद की सरपरस्ती में निस्बती महफिले शमां कब्बाली प्रोग्राम किला स्थित बाबा की दरगाह पर 9 मई को मनाया जायेगा । घोषित प्रोग्राम के मुताबिक फजर बाद गुस्ल संदल, शाम को चादर पोशी जो शहर गस्त करते हुए बाबा की दरगाह पर पेश की जायेगी तथा रात 9 बजे से सूफी संतो की मौजूदगी मे महफिले शमां कब्बाली प्रोग्राम होगा। नुसरत कादरी अंतर्राष्ट्रीय कब्बाल कपासन शरीफ राजस्थान अपने बेहतरीन कलाम पेश करेंगे।

खनिज विभाग ने मुरम से भरे वाहन पर की कार्यवाही

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

अवैध मुरम उत्खनन के खिलाफ खनिज विभाग ने कार्रवाई की है। गुरुवार रात झांसी रोड पर कारी तगेला के पास मुरम से भरा एक ट्रैक्टर जब्त किया गया। इसे देहात थाने में जमा कराया गया है।

मुखबिर की सूचना पर खनिज अधिकारी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने ट्रैक्टर चालक से मुरम के संबंध में पूछताछ की। चालक रॉयल्टी संबंधी दस्तावेज नहीं दिखा सका, जिसके बाद टीम ने ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। खनिज अधिकारी विपुल रावत ने बताया कि झांसी रोड पर सड़क किनारे ट्रैक्टर से मुरम डाली जा रही थी। चालक ने बताया कि वह अपने खेत से मुरम लाकर यहां डाल रहा था। जब उससे खनन संबंधी दस्तावेज मांगे गए तो उसके पास कोई कागज नहीं मिले। रावत ने स्पष्ट किया कि विभाग की अनुमति के बिना मुरम का परिवहन प्रतिबंधित है।

खनिज अधिकारी ने बताया कि अब इस बात का पता लगाया जाएगा कि मुरम कहां से लाई जा रही थी। अवैध खनन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि एक दिन पहले झिरकी बगिया रोड पर एक क्रेशर से रेत से भरे डंपर को भी जब्त कर देहात थाने में रखा गया है। विभाग की ओर से अवैध उत्खनन और परिवहन के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है।अवैध मुरम उत्खनन के खिलाफ खनिज विभाग ने कार्रवाई की है।

गुरुवार रात झांसी रोड पर कारी तगेला के पास मुरम से भरा एक ट्रैक्टर जब्त किया गया। इसे देहात थाने में जमा कराया गया है। एक दिन पहले झिरकी बगिया रोड पर एक क्रेशर से रेत से भरे डंपर को भी जब्त कर देहात थाने में रखा गया है।

102 साल पुरानी इमारत अब पुराने वैभव में लौटेगी

प्राचीन इमारत का 99 लाख से होगा कायाकल्प

कलेक्टर ने अधिकारियों के साथ लिया कार्य का जायजा

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

शहर के ऐतिहासिक नजरबाग परिसर में स्थित 102 साल पुरानी गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल की इमारत अब फिर से अपने पुराने वैभव में लौटेगी। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की पहल पर इस प्राचीन इमारत के जीर्णोद्धार के लिए 99 लाख रुपए का फंड जारी किया गया है, जिसके बाद मरम्मत का काम शुरू हो चुका है।

इस ऐतिहासिक बिल्डिंग का निर्माण तत्कालीन राज परिवार के राजा वीर सिंह ने महिला शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से करवाया था। यह शहर का पहला गर्ल्स स्कूल था, जहां दशकों तक छात्राओं ने शिक्षा प्राप्त की। हालांकि, चार साल पहले स्कूल के यहां से स्थानांतरित होने और देखरेख की कमी के कारण यह अमूल्य धरोहर जर्जर होकर खंडहर में तब्दील हो रही थी। शुक्रवार को कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के साथ मरम्मत कार्य का जायजा लिया और इसे समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने बताया कि जीर्णोद्धार के बाद इसे एक हेरिटेज लुक दिया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य शहर की पुरानी यादों को संजोना है, क्योंकि इस स्कूल से कई परिवारों और पूर्व छात्राओं की भावनाएं जुड़ी हुई हैं। जीर्णोद्धार कार्य पूरा होने के बाद इस भवन का बहुउद्देशीय उपयोग किया जाएगा। इसे गीता भवन के रूप में विकसित किया जाएगा, जहां सांस्कृतिक और साहित्यिक गतिविधियां आयोजित होंगी। कलेक्टर ने शहर के लोगों से अपील की है कि यदि उनके पास कोई भी पुरानी ऐतिहासिक धरोहर हो, तो वे इसे इस संग्रहालय में भेंट कर सकते हैं। भेंट करने वाले व्यक्ति के सम्मान में उनकी वस्तु के साथ उनका फोटोग्राफ भी वहां प्रदर्शित किया जाएगा। शहर के ऐतिहासिक नजरबाग परिसर में स्थित 102 साल पुरानी गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल की इमारत अब फिर से अपने पुराने वैभव में लौटेगी। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की पहल पर इस प्राचीन इमारत के जीर्णोद्धार के लिए 99 लाख रुपए का फंड जारी किया गया है, जिसके बाद मरम्मत का काम शुरू हो चुका है।

सम्मान | **विश्व रेडक्रॉस दिवस पर भोपाल में हुआ कार्यक्रम**

समाजसेवी महिला को प्रदेश के राज्यपाल ने किया सम्मानित

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

समाजसेवी श्रद्धा चौहान को विश्व रेडक्रॉस दिवस के मौके पर शुक्रवार को भोपाल में सम्मानित किया गया। यह सम्मान मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने उन्हें समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया।

यह कार्यक्रम भारतीय रेड क्रॉस समिति द्वारा 8वें विश्व रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। इसमें राज्यपाल मंगू भाई पटेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह में समाज सेवा में सक्रिय रूप से कार्य करने वाले कई लोगों को सम्मानित किया गया।श्रद्धा चौहान टीकमगढ़ में मातृशक्ति संगठन की अध्यक्ष हैं और लंबे समय से सामाजिक कार्यों से जुड़ी हुई हैं। वे वृद्धाश्रम का संचालन कर रही हैं और गरीब तथा अनाथ बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए लगातार काम कर रही हैं।उनके संगठन की ओर से सर्दियों में गरीब बस्तियों में जाकर महिलाओं और बच्चों को कंबल और गर्म कपड़े बांटे जाते हैं। वहीं गर्मियों में शहर के विभिन्न स्थानों पर निशुल्क प्याऊ लगाकर लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाता है।उनके इन निरंतर और प्रभावी सामाजिक कार्यों को देखते हुए भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी ने उन्हें सम्मान के लिए चुना। कार्यक्रम में राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने उन्हें प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किया। श्रद्धा चौहान के सम्मानित होने पर मातृशक्ति संगठन की महिलाओं में खुशी की लहर है। संगठन से जुड़े लोगों ने इसे पूरे जिले के लिए गर्व का क्षण बताया है। समाजसेवी श्रद्धा चौहान को विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर शुक्रवार को भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य एवं मानवीय सेवा गतिविधियों में सक्रिय योगदान के लिए मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल द्वारा प्रदान किया गया। यह सम्मान समारोह भारतीय रेड क्रॉस समिति द्वारा 8वें विश्व रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में प्रदेशभर से समाज सेवा, स्वास्थ्य सहायता, मानव कल्याण एवं जरूरतमंदों की मदद के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले लोगों को आमंत्रित किया गया था। समारोह में राज्यपाल ने सेवा कार्यों में लगे लोगों की सराहना करते हुए कहा कि समाज में मानवता और सेवा की भावना को मजबूत करने में ऐसे लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। समारोह के दौरान श्रद्धा चौहान को प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। जरूरतमंद लोगों की सहायता, सामाजिक जागरूकता, महिला सशक्तिकरण से जुड़े कार्य किए है।

जरुरतमंदों की सेवा निरंतर जारी रहेगी

कार्यक्रम में रेडक्रॉस समिति के पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं विभिन्न जिलों से आए प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। सम्मान मिलने के बाद श्रद्धा चौहान ने कहा कि यह सम्मान केवल उनका नहीं बल्कि उन सभी लोगों का है जो समाज सेवा के कार्यों में सहयोग करते हैं। उन्होंने आगे भी जरूरतमंदों की सेवा के लिए निरंतर कार्य करते रहने की बात कही।

रोजगार मेलों में होगा काउंसिलिंग का कार्य

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

जिला रोजगार कार्यालय द्वारा संचालित कैरियर काउंसलिंग योजनान्तर्गत शिक्षित वेरोजगार आवेदकों को कॅरियर मार्गदर्शन सहायता उपलब्ध कराई जाती है। इस हेतु जिला के हाईस्कूल, हायरसेकेण्डरी विद्यालयों, तकनीकि शैक्षणिक संस्थाओं, महाविद्यालयों, छात्रावासों एवं युवासंगम अंतर्गत रोजगार मेलों में जाकर काउंसलिंग कार्य किया जाना है।

कार्यालय को अनुभवी गेस्ट मनोवैज्ञानिक व विषय विशेषज्ञों की आवश्यकता है। ताकि समय-समय पर कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम, सत्रों को संचालित किया जा सकें। यह किसी प्रकार का जॉब नहीं है। इसमें आवश्यकतानुसार काउंसिलिंग कार्य हेतु आमंत्रित किया जायेगा। मनोवैज्ञानिक हेतु योग्यता मनोविज्ञान विषय से स्नातक, स्नातकोत्तर मनोवैज्ञानिक अनिवार्य है।

जल गंगा अभियान में हुई कई विषयों पर चर्चा

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

जिला टीकमगढ़ के ब्लॉक पलेरा में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत गोवा में जल चौपाल आयोजित की गई। इस अवसर पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला समन्वयक डॉ. सुनील कटियार ने जल संरक्षण ,संवर्धन ,स्वच्छता, वृक्षारोपण ,पर्यावरण ,नशा मुक्ति ,जैसे विषयों पर चर्चा की गई।

इस दौरान उन्होंने कहा कि म प्र सरकार की मनसा अनुरुप जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस पुनीत कार्य में हर ग्रामवासी को वर्षा जल का संरक्षण करने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। तभी भू जल में बढ़ोत्तरी होगी। तभी ग्रामवासियों को पीने को पानी मिलेगा, किसानों को सिंचाई करने के लिए पानी मिलेगा और पशु-पक्षियों को भी पीने को पानी मिलेगा। इसलिए आज जल के महत्व को ध्यान से समझने की आवश्यकता है। इसलिए आप सभी को पुराने चंदेरी कालीन तालाब, कुआं, बावड़ी की साफ-सफ ाई प्राथमिकता से करनी चाहिए। साथ ही अपने ग्राम को वृक्षारोपण कर हरा भरा और स्वच्छता बनाए रखें।

इस अवसर पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड समन्वयक ने सभी लोगों जलीय संरचनाओं का संरक्षण करने की शपथ दिलाई। सभी लोगों ने वृक्ष पूजन किया। सभी ने संकल्प लिया कि हम अधिक से अधिक पेड़ लगाएंगे एवं हरे पौधों को नहीं काटेंगे। जल चौपाल में पुष्पेंद्र राजपूत, नरेंद्र अहिरवार, रामस्वरूप राजपूत, मोहनलाल राजपूत, रघुवीर ग्राम पंचायत सरपंच सिमरा एवं प्रकाश बुंदेली, अरविंद राजपूत ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियां के अध्यक्ष सचिन रघुवर राजपूत उपस्थित रहे।